दिनांक 15.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति 576/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद एटा/थाना अलीगंज

- **पुलिस कार्यवाही में 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 14.11.2026 को थाना अलीगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर किला रोड़, पुराने पेट्रोल पम्प के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त दीपक घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद आजमगढ़, एटा, मऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 22 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना अलीगंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना अलीगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–दीपक निवासी भटोली थाना रानीपुर जनपद मऊ।

बरामदगी

1–चोरी की 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

जनपद सुलतानपुर/थाना कोतवाली नगर

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 14/15.11.2026 की रात्रि को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अमहट हवाई पट्टी के पास से पुलिस कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त कामरान को घायल/गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–कामरान निवासी पांचोपीरन थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर।

बरामदगी

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

जनपद बांदा/थाना अतर्रा

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 80 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **नगद रूपये**
- **02 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 15.11.2026 को थाना अतर्रा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त सत्येन्द्र उर्फ सत्यम उर्फ लकी को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया एवं एक बाल अपचारी बालिका को पुलिस संरक्षण में लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 80 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, नगद रूपये, 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 13.11.2026 को थाना अतर्रा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना अतर्रा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना अतर्रा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–सत्येन्द्र उर्फ सत्यम उर्फ लकी निवासी रसिन थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट।

बरामदगी

1–लगभग 80 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–नगद रूपये।

3–02 मोटर साइकिल आदि।

कमिश्नरेट लखनऊ/थाना तालकटोरा

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 14.11.2026 को थाना तालकटोरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आलमनगर रेलवे स्टेशन के पास से 02 अभियुक्तों 1–अवनीश उर्फ नमन 2–पुष्कर को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 26/27.09.2026 को थाना तालकटोरा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना

तालकटोरा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना तालकटोरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–अवनीश उर्फ नमन निवासी पुराना चबूतरा थाना सआदतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।

2–पुष्कर निवासी चूड़ी वाली गली थाना चौक कमिश्नरेट लखनऊ।

बरामदगी

1–चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन आदि।

———————